# एनएचपीसी समाचार

अंक संख्या : XLXIV

संस्करण : अप्रैल - जून 2024






**एनएचपीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)

**NHPC Limited**
(A Government of India Enterprise)

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# स्वच्छता पखवाड़ा-2024



# निगम मुख्यालय

## दलाल स्ट्रीट इन्वेस्टमेंट जर्नल ने अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी को रोल ऑफ ऑनर से किया सम्मानित




एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री आर.पी. गोयल को दलाल स्ट्रीट इन्वेस्टमेंट जर्नल द्वारा पीएसयू अवार्ड ऑफ द ईयर 2023 के अंतर्गत 'रोल ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार श्री गोयल को 4 जून, 2024 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में प्रदान किया गया। श्री गोयल को एनएचपीसी में किए गए उनके योगदान हेतु उचित मान्यता और प्रशंसा स्वरूप यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार 'मिनीरत्न ऑफ द ईयर'– मैन्युफैक्चरिंग' श्रेणी के अंतर्गत प्रदान किया गया है।

## बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई



एनएचपीसी ने 15 अप्रैल, 2024 को अपने निगम मुख्यालय, फ़रीदाबाद में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। श्री आर.पी. गोयल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी, श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं), एनएचपीसी और एनएचपीसी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ एवं एनएचपीसी अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ के कार्यकारी सदस्यों द्वारा डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम में अपने संबोधन में, श्री आर.पी. गोयल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने डॉ. बी. आर. अंबेडकर के सिद्धांतों और उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने डॉ. अंबेडकर को एक उत्कृष्ट विश्व नेता और जनता एवं महिला सशक्तिकरण के पक्षधर के रूप में परिभाषित किया। एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता थे और उन्होंने भारत में जल और नदी नेविगेशन नीति में उनकी भूमिका के बारे में बताया। अपने सम्बोधन में श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं), एनएचपीसी ने एक महान विद्वान और समाज सुधारक के रूप में डॉ. अंबेडकर की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. अंबेडकर ने आधुनिक भारत को आकार देने में महान भूमिका निभाई है। इस अवसर पर डॉ. बी.आर. अंबेडकर के जीवन और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली एक लघु फिल्म की स्क्रीनिंग भी की गई।

## फ्लोटिंग सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी के क्रियान्वयन हेतु ओशन सन, नॉर्वे के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया



एनएचपीसी लिमिटेड ने फ्लोटिंग सोलर इंडस्ट्री के लिए प्रौद्योगिकी प्रदाता के रूप में प्रचालनरत नॉर्वे की कंपनी मेसर्स ओशन सन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह समझौता ज्ञापन एनएचपीसी द्वारा चिन्हित किए गए उपयुक्त स्थलों पर हाइड्रो–इलास्टिक मेम्ब्रेन पर स्थापित पीवी पैनलों पर आधारित ओशन सन की फ्लोटिंग सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी के लिए सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों के अन्वेषण हेतु किया गया है।

महामहिम सुश्री मे एलिन स्टेनर, भारत में नॉर्वे की राजदूत, श्री राज कुमार चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं), एनएचपीसी और श्री रजत गुप्ता, कार्यपालक निदेशक (एसबीडीसी), एनएचपीसी और महामहिम डॉ. एक्विनो विमल, ओस्लो, नॉर्वे में भारत के राजदूत की गरिमामयी उपस्थिति में, श्री वी. आर. श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक (आरईजीएच), एनएचपीसी और श्री क्रिस्टियन टोरवॉल्ड, सीईओ, ओशन सन द्वारा दिनांक 29 अप्रैल 2024 को नॉर्वे दूतावास, नई दिल्ली में हाइब्रिड मोड में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

सतत विकास और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता की दिशा में प्रयासों को जारी रखते हुए, एनएचपीसी लिमिटेड – भारत में जलविद्युत विकास के लिए सबसे बड़ा संगठन है और विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं जैसे सौर, पवन, ग्रीन हाइड्रोजन आदि के विकास में भी लगी हुई है।

## 'स्वच्छता पखवाड़ा 2024' के अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन




स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत एनएचपीसी द्वारा दिनांक 21 मई 2024 को श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री आर. पी. गोयल, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी और श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं), एनएचपीसी और एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कार्मिकों ने फरीदाबाद के बुढ़िया वाला नाला (राष्ट्रीय महत्व का स्मारक) पर बने ऐतिहासिक मुगल ब्रिज पर सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया। एनएचपीसी कार्मिकों के साथ–साथ स्थानीय लोगों ने भी इस श्रमदान कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार 16 मई से 31 मई 2024 तक एनएचपीसी अपने निगम मुख्यालय सहित पूरे देश में स्थित सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, परियोजनाओं और पावर स्टेशनों में 'स्वच्छता पखवाड़ा 2024' मना रही है। इस पखवाड़े के दौरान, एनएचपीसी अपने सभी कार्यस्थलों में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, वृक्षारोपण/ पौधारोपण, नुक्कड़ नाटक, सफाई किट/सैनिटरी पैड का वितरण, स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम, चित्रकला प्रतियोगिताओं जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रही है।

## 'द इकोनॉमिक टाइम्स एचआर वर्ल्ड फ्यूचर रेडी ऑर्गनाइजेशन अवार्ड 2024-25' से सम्मानित

एनएचपीसी को प्रतिष्ठित 'द इकोनॉमिक टाइम्स एचआर वर्ल्ड फ्यूचर रेडी ऑर्गनाइजेशन अवार्ड 2024–25' से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार को श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने श्री लूकस गुड़िया, कार्यपालक निदेशक (मा.सं.) और एनएचपीसी अधिकारियों की टीम के साथ 23 मई 2024 को मुंबई में आयोजित भव्य पुरस्कार समारोह में प्राप्त किया।

यह पुरस्कार एनएचपीसी को अपने कार्मिकों के कौशल उन्नयन, ईएसजी हस्तक्षेप, डीई एंड आई पहल, निरंतर तकनीकी उन्नयन, कर्मचारी नियुक्ति प्रक्रियाओं, मजबूत कारपोरेट प्रशासन संबंधी कार्यनीतियों आदि के क्षेत्रों में भावी तैयारियों के लिए दिया गया है, जो इसे सभी हितधारक के बीच एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में स्थापित करता है।




## मेसर्स बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर




एनएचपीसी ने दिनांक 29 मई 2024 को निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में मेसर्स बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। समझौता ज्ञापन के अनुसार एनएचपीसी के सेवारत और सेवानिवृत्त कार्मिक अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों लिए एसएसबीटी (स्टैंडर्ड सेल्फ बुकिंग टूल) ऐप के माध्यम से घरेलू यात्रा हेतु टिकट बुक कर सकते हैं और उन्हें मेसर्स बामर लॉरी कंपनी लिमिटेड द्वारा दी जाने वाली कॉर्पोरेट योजना की सुविधा का लाभ मिलेगा।

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी, श्री आर.पी. शर्मा, कार्यपालक निदेशक (ईएमएस), एनएचपीसी तथा बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में श्री डी. के. गौतम, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एनएचपीसी और श्री अशोक के. गुप्ता, सीओओ, बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड द्वारा इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस

भारत की अग्रणी हरित विद्युत कंपनी एनएचपीसी ने दिनांक 5 जून, 2024 को अपने निगम मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और यूनिटों में उत्साहपूर्वक विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर पर एनएचपीसी निगम मुख्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान श्री आर.पी.गोयल,अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक एनएचपीसी, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) एनएचपीसी, श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) एनएचपीसी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

एनएचपीसी का दृष्टिकोण सक्षम, जिम्मेदार और नवीन मूल्यों के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा के सतत विकास के लिए एक वैश्विक अग्रणी संगठन बनना है। इसका मिशन अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए नए परिवर्तनों द्वारा प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करना और अंतरराष्ट्रीय मानकों पर स्वच्छ ऊर्जा के विकास में उत्कृष्टता प्राप्त करना है। एनएचपीसी ने सदैव पर्यावरण के अनुकूल और सामाजिक–आर्थिक रूप से उत्तरदायी तरीके से परियोजनाओं को निष्पादित और प्रचालित करने का लक्ष्य रखा है।






@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक तथा निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) का पार्बती परियोजना चरण-II का दौरा



एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री राजेंद्र प्रसाद गोयल एवं निदेशक (तकनीकी तथा परियोजनाएं) श्री राज कुमार चौधरी के दिनांक 06.04.2024 से 08.04.2024 तक तीन दिवसीय दौरे पर दिनांक 06.04.2024 को एनएचपीसी के नगवाईं कार्यालय परिसर पहुंचने पर परियोजना के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

उन्होने एचआरटी, एडिट–I एवं डैम साइट का दौरा किया तथा परियोजना में चल रही गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। इससे पूर्व नगवाईं परिसर में सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने सभी से परियोजना को निर्धारित समयाविधि पर पूर्ण करने के लिए अपने समग्र प्रयास करने के लिए आह्वान किया तथा आश्वासन दिया कि एनएचपीसी के प्रबंधन द्वारा परियोजना को हर संभव मदद दी जाएगी। श्री राज कुमार चौधरी ने भी इस अवसर पर सभी कार्मिकों को संबोधित किया। उन्होने इस बात पर बल दिया कि लक्ष्य को पूर्ण करने में जो आनंद है वह अतुलनीय है तथा सभी कार्मिक परियोजना को इसी वर्ष पूर्ण करने के लिए अपना भरपूर प्रयास करे। इस कार्यक्रम में निगम मुख्यालय के कार्यपालक निदेशक श्री दीपक सहगल, पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण–II के प्रमुख श्री निर्मल सिंह, पार्बती-III पावर स्टेशन के प्रमुख श्री प्रकाश चंद तथा परियोजना के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

दिनांक 07.04.2024 को उन्होने अटल टनल का दौरा किया तथा इस अवसर पर श्री निर्मल सिंह, कार्यपालक निदेशक, चंडीगढ़ ने सेरीनाला डायवर्जन वर्क्स पर चल रहे कार्यो के बारे में विस्तार से बताया। इसी क्रम में परियोजना मे अधिकारियों एवं गेमन के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की जिसमें परियोजना में चल रहे कार्यो के बारे में विस्तार से चर्चा की गई तथा उन्होने परियोजना को समय पर पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। दिनांक 08.04.2024 को अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक एवं निदेशक (तकनीकी तथा परियोजनाएं) ने पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II (800 मेगावाट) के पावर हाउस का निरीक्षण किया।

## सीएमडी, एनएचपीसी एवं निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं), एनएचपीसी ने ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री चौना मेन से मुलाकात की





एनएचपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर.पी. गोयल ने एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) श्री राज कुमार चौधरी के साथ 25 जून, 2024 को ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री चौना मेन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री ओजिंग तासिंग और अरुणाचल प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव श्री धर्मेंद्र कुमार से मुलाकात की।

बैठक में श्री गोयल और श्री चौधरी ने अरुणाचल प्रदेश में सियांग बेसिन परियोजनाओं को जल्द शुरू करने के बारे में विस्तृत चर्चा की। यह बैठक ईटानगर में राज्य सरकार के सिविल सचिवालय में आयोजित की गई थी। बैठक में राज्य सरकार और एनएचपीसी लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। राज्य सरकार के उच्च अधिकारियों में माननीय विधायक श्री ओनी पनयांग, माननीय मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री एलो लिबांग, माननीय मुख्यमंत्री के आयुक्त, आयुक्त (जल विद्युत) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। एनएचपीसी लिमिटेड के उच्च अधिकारियों में श्री सुधीर कुमार यादव, कार्यकारी निदेशक (ईटानगर), श्री रजत गुप्ता, कार्यकारी निदेशक (एसबीडी एंड सी), श्री अमर नाथ झा, महाप्रबंधक, एचओपी–सियांग लोअर परियोजना और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। श्री चौना मेन ने अपने भाषण के दौरान इन परियोजनाओं के काम को तेजी से शुरू करने के लिए अरुणाचल प्रदेश सरकार की ओर से हर संभव समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया।

इसके अलावा, कार्यकारी निदेशक (ईटानगर) श्री सुधीर कुमार यादव, महाप्रबंधक, एचओपी–सियांग लोअर परियोजना श्री अमर नाथ झा और महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री जीआर मीना ने श्री ओजिंग तासिंग, माननीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री से उनके निवास पर मुलाकात की और उन्हें सियांग लोअर और सियांग अपर जिलों में नवीनतम विकास कार्यों के बारे में अवगत कराया और सियांग बेसिन परियोजनाओं में निर्माण कार्यों को शीघ्र शुरू करने के लिए राज्य और जिला प्रशासन का समर्थन और सहयोग मांगा।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# श्री आर. पी. गोयल, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक एवं श्री आर. के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी व परियोजनाएँ) का दिबांग बहु-उद्देशीय परियोजना का दौरा



श्री आर. पी. गोयल ,अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक एवं श्री आर. के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी व परियोजनाएँ) नें 2880 मेगावाट, दिबांग बहु–उद्देशीय परियोजना का दिनांक 06.05.24 से दिनांक 07.05.24 तक दौरा किया। अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय एवं निदेशक महोदय का पारंपरिक स्वागत श्री ललितेंदु कुमार त्रिपाठी, कार्यपालक निदेशक, डीएमपी द्वारा किया गया। इस अवसर पर निगम मुख्यालय से कार्यपालक निदेशक (पी.एम.एस. जी.), कार्यपालक निदेशक (डी.ई.), कार्यपालक निदेशक (सीएमडी सचिवालय), समूह महाप्रबंधक (डी.ई.), महाप्रबंधक (डिजाईन सिविल) मौजूद रहे।

माननीय अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय एवं निदेशक महोदय द्वारा दिनांक 06.05.24 को सर्वप्रथम दिबांग बहु–उद्देशीय परियोजना के निर्माण कार्यो को निष्पादित कर रही मेसर्स एल–टी के कैंप कार्यालय में पौधारोपण किया तत्पश्चात परियोजना के विभिन्न निर्माण स्थलों का दौरा किया। इस दौरान कार्यपालक निदेशक, डीएमपी द्वारा अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय एवं निदेशक महोदय को परियोजना के विभिन्न निर्माण स्थलों का निरिक्षण कराया एवं निष्पादित की जा रही निर्माण गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय एवं निदेशक महोदय द्वारा डाईवर्जन टनल इनलेट एवं टी आर टी आउटलेट के अंडरग्राउंड कार्यो का शुभारम्भ भूमि पूजन के साथ किया गया।

माननीय अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय व निदेशक महोदय द्वारा मेसर्स एल–टी व मेसर्स दिबांग पॉवर (लॉट 4) कंसोर्टियम के साथ बैठक के दौरान लॉट–2 एवं लॉट–4 के निर्माण कार्यो पर विस्तार से चर्चा की एवं बाँध के निर्माण को समयानुसार प्रारंभ करने हेतु आवशयक दिशा निर्देश दिए। उपरोक्त बैठक के दौरान परियोजना में किये जा रहे निर्माण कार्यो पर कार्यपालक निदेशक, दिबांग परियोजना महोदय द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस दौरान, माननीय अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों एवं मेसर्स एल–टी व मेसर्स दिबांग पॉवर (लॉट–4) कंसोर्टियम को निर्माण कार्यो को समय पर पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये।

इस अवसर पर दिनांक 07.05.2024 को माननीय अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय एवं निदेशक महोदय द्वारा परियोजना की निर्माणाधीन कॉलोनी स्थल, चिमरी में अस्थाई आवासीय इकाईयों तथा डीजल जनरेटर शेड के निर्माण कार्यो का भी निरिक्षण किया एवं सम्बंधित अधिकारियों तथा कांट्रेक्टर को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इसके पश्चात्, माननीय अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दिबांग बहु–उद्देशीय परियोजना एनएचपीसी एवं देश की सबसे बड़ी एवं प्रतिष्ठित परियोजना हैं और यह हम सभी के लिए गर्व का विषय हैं। वर्तमान में परियोजना का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा हैं एवं सभी अधिकारी परियोजना को समय पर पूर्ण करने में अपना सम्पूर्ण योगदान दें।

# क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत

## विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन



क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में दिनांक 05 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस वर्ष पर्यावरण दिवस के अवसर पर "Land Restoration, Desertification and Drought Resilience" की थीम के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में सर्वप्रथम श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें क्षेत्रीय कार्यालय के सभी कार्मिकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यपालक निदेशक महोदय नें कार्यालय के सभी कार्मिकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने दैनिक जीवन में जरूरी बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया तथा अपने परिवार, मित्रों और अन्य लोगों को भी पर्यावरण के अनुकूल आदतों एवं व्यवहारों को अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु अनुरोध किया।

शपथ ग्रहण के उपरांत क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के कार्यालय परिसर में केंद्रीय विद्यालय बनीखेत के विद्यार्थियों नें पर्यावरण संरक्षण के महत्व तथा एकल उपयोग पोलिथीन बैग और प्लास्टिक के नुकसान व इनके उपयोग की रोकथाम पर जागरूकता फैलाने हेतु एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एकल उपयोग पोलिथीन बैग के उपयोग से हमारे दैनिक जीवन व पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में कार्मिकों को जागरूक किया गया तथा पोलिथीन बैग के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल कपड़े अथवा जूट के बैग के इस्तेमाल हेतु अनुरोध किया गया। नुक्कड़ नाटक के अंत में सभी कार्मिकों को एकल उपयोग पोलिथीन का उपयोग न करने एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

इसके उपरांत कार्यपालक निदेशक महोदय, महाप्रबंधक (सिविल) महोदय तथा क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा कार्मिको, सुरक्षा कार्मियों तथा केंद्रीय विद्यालय बनीखेत के बच्चों नें क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में विभिन्न फलों के पौधों का पौधरोपण किया। कार्यपालक निदेशक महोदय नें मृदा अपरदन को रोकने, जमीन को बंजर होने से बचाने तथा बाढ़ से बचाव के लिए सभी कार्मिकों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के अवसर पर श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के अलावा श्री अमरीक कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्री उपेंद्र सिंह छेत्री, उप महाप्रबंधक (सिविल), श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मा.सं.), श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, उप महाप्रबंधक (वित्त) तथा क्षेत्रीय कार्यालय के अन्य अधिकारी, कर्मचारी, संविदा कार्मिक, सुरक्षा कर्मी और केंद्रीय विद्यालय बनीखेत के अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन




क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में राजभाषा के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 07 जून, 2024 को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। हास्य कवि सम्मेलन का उद्घाटन कार्यालय प्रमुख श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक महोदय ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर श्री उमेश कुमार नंद, महाप्रबंधक चमेरा-II पावर स्टेशन, श्री अनिल कुमार, महाप्रबंधक, चमेरा-III पावर स्टेशन, श्री आदित्य गौतम, महाप्रबंधक, चमेरा-I पावर स्टेशन एवं हास्य कवि सम्मेलन में कविता पाठ करने के लिए पधारे हुए कवियों ने भी दीप प्रज्ज्वलित किया।

इस अवसर पर श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत राजभाषा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। इसी क्रम में भाषाई वातावरण बनाने के उद्देश्य से आज का हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया है। हम अपने पावर स्टेशनों से विद्युत उत्पादन के साथ–साथ सीएसआर की गतिविधियों तथा क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों, क्षेत्रीय पर्वों को मनाने हेतु अपना योगदान देकर समाज को उत्तरोत्तर आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि कवि हमारे समाज को आइना दिखाने का कार्य करते हैं। यह एक विलक्षण विधा है कि कवि अपनी कविताओं के माध्यम से समाज में फैल रही कुरीतियों पर भी प्रहार करते हैं। इसीलिए तो कहते हैं किदृ'जहां न पहुंचे रवि, वहां पहुंचे कवि'। कार्यपालक निदेशक महोदय ने हास्य कवि सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

हास्य कवि सम्मेलन में डलहौजी क्षेत्र के प्रसिद्ध स्थानीय कवि श्री बलदेव मोहन खोसला, श्री जगजीत आजाद, श्री अशोक 'दर्द', श्रीमती मोनिका 'उपासना पुष्प' और श्री सुभाष साहिल तथा एनएचपीसी की ओर से श्री उमेश कुमार, उप महाप्रबंधक (सिविल), श्री दिवाकर प्रसार अवधिया, समूह वरिष्ठ प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी) और श्री देश  राज, प्रबंधक (राजभाषा) ने साहित्य, समाज, देश भक्ति और राजभाषा आदि विषयों पर रोचक एवं हास्य कविताएं सुनाकर कार्मिकों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत और अधीनस्थ पावर स्टेशनों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। हास्य कवि सम्मेलन के समापन पर श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार तथा निगम मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में दिनांक 21 जून 2024 को "स्वयं एवं समाज के लिए योग" की थीम के साथ 10वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत तथा श्री अमरीक कुमार, महाप्रबंधक (सिविल) की उपस्थिति में क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा 21 जून 2024 की सुबह 07:00 बजे से 07:45 बजे तक योग अनुदेशक की देखरेख में सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यपालक निदेशक महोदय नें सभी कार्मिकों को अपने प्रतिदिन की दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि योग के नियमों का पालन और प्रतिदिन योगाभ्यास करके हम अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। योग हमें तनावमुक्त रहने तथा विभिन्न रोगों से लड़ने में मदद करता है।



# बैरा स्यूल पावर स्टेशन

## स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वच्छता सामग्री का वितरण



बैरा स्यूल पावर स्टेशन में दिनांक 16 मई से 31 मई, 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 29 मई, 2024 को डीएवी पब्लिक स्कूल, बीएसपीएस, सुरंगानी में स्वच्छता सामग्री यानि हैंडवाश, हैड टॉवल, साबुन, हार्पिक, फिनाइल बोतल, शौचालय सफाई ब्रश, झाड़ू, पोचा, सैनिटरी पैड, डस्ट्बिन इत्यादि सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों को बताया गया कि बीमारियों से बचने के लिए खुद को साफ–सुथरा रखना होगा और अपने आस–पास के वातावरण को भी साफ–सुथरा रखना होगा, तभी हम बीमारियों से बच सकते हैं। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

बैरा स्यूल पावर स्टेशन में 'Land restoration, desertification and drought resilience' थीम के तहत 05 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस थीम का फोकस 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरूस्थलीकरण और सूखे पर है। विश्व पर्यावरण दविस के अवसर पर पावर स्टेशन के आफिसर्स क्लब स्थानों पर पौधे लगाए गए। जिसमें देवदार, कमलतास, नीबू, आवला, सेब, जामुन इत्यादि के पौधे लगाए गए।

विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन पावर स्टेशन के महाप्रबंधक (सिविल) श्री छत्र रंजन शर्मा द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर पावर स्टेशन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थति थे। इस अवसर पर श्री सी. आर. शर्मा ने कार्मिकों से कहा कि पर्यावरण को संतुलति बनाए रखने के लिए पेड़ लगाना अतिआवश्यक है। सभी कार्मिक अपने आफिस व घर के परिवेश में व आस–पास के क्षेत्र में अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, जिससे संभावित जलवायु परविर्तन के दुष्प्रभाव को नयिंत्रण में कयिा जा सके।






@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# सेवा-II पावर स्टेशन

## निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी का दौरा



निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल, द्वारा 12.04.2024 को सेवा-II पावर स्टेशन माश्का (जम्मू व कश्मीर) का दौरा किया गया। उनके साथ क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत के कार्यपालक निदेशक, श्री काजल साहा, श्री आदित्य गौतम, पावर स्टेशन प्रमुख, चमेरा-I पावर स्टेशन व उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री दिनेश सिंह, क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत भी उपस्थित थे।

सेवा-II पावर स्टेशन में आगमन पर श्री मदन लाल शर्मा महाप्रबंधक (प्रभारी) ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पारंपरिक ढंग से अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। अतिथियों के आगमन पर सीआईएसएफ के जवानों द्वारा निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर दी गई तथा इसके उपरांत सेवा-II पावर हाउस के कॉन्फ्रेंस हाल में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में पावर स्टेशन प्रमुख, श्री मदन लाल शर्मा, ने निदेशक (कार्मिक) महोदय व अतिथियों को सेवा-II पावर स्टेशन माश्का के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिसके उपरांत निदेशक (कार्मिक) महोदय ने कार्मिको को संबोधित किया तथा उन्होने उनकी समस्याओं को सुना तथा उसका निवारण भी किया। इसके उपरांत निदेशक (कार्मिक) महोदय व कार्यपालक निदेशक ने पावर हाउस का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से निगम की बेहतरी के लिए सुझाव भी मांगे। निदेशक महोदय ने राजभाषा के विकास से संबन्धित गतिविधियों का भी निरिक्षण किया तथा संतोषजनक पाया।

अंत में पावर स्टेशन प्रमुख, श्री मदन लाल शर्मा, व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने माननीय निदेशक (कार्मिक), कार्यपालक निदेशक क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत द्वारा पावर स्टेशन की बेहतरी के लिए दिये गए दिशा–निर्देशों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-II

## स्वतंत्र निदेशकों का परियोजना दौरा



एनएचपीसी लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशकों ने दिनांक 18.05.2024 से 25.05.2024 तक पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II का दौरा किया तथा परियोजना में चल रही विभिन्न गतिविधियों का जायज़ा लिया।

दिनांक 19.05.2024 को स्वतंत्र निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कंसल, श्री जीजी जोसफ, श्री प्रेम कुमार गोवर्थनन एवं डॉ. रश्मि शर्मा रावल ने पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II की एडिट-I साईट तथा बांध स्थल बरशैणी का दौरा किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख–कार्यपालक निदेशक श्री निर्मल सिंह ने उन्हें परियोजना में चल रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। निदेशक मंडल ने विभिन्न साईट पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया तथा परियोजना की 31.52 कि.मी. टनल के कार्य को समय पर पूर्ण करने हेतु आवश्यक सुझाव व दिशा–निर्देश दिए।

दिनांक 20.05.2024 को उन्होंने अटल टनल के समीप सेरी नाला पर चल रहें कार्यों का निरीक्षण किया तथा इस संबंध में परियोजना के अधिकारियों से जानकारी ली उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों को समय पर पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

दिनांक 24.05.2024 को स्वतंत्र निदेशक डॉ. उदय सखाराम निर्गुडकर ने पावर हाउस सियूण्ड (सेंज) का दौरा कर वहाँ पर चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया एवं इस संबंध में परियोजना के अधिकारियों से जानकारी ली तथा कार्यो को समय पर पूर्ण करने हेतु आवश्यक सुझाव व दिशा–निर्देश दिए। इसी दिन उन्होंने पार्बती-III पावर स्टेशन के बांध का दौरा कर वहाँ पर चल रहे कार्यो का निरीक्षण भी किया। दिनांक 25.05.2024 को उन्होंने पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II के नगवाईं कार्यालय का निरीक्षण किया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परियोजना में चल रही गतिविधियों की समीक्षा बैठक की।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

एनएचपीसी पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-II द्वारा दिनांक 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण की थीम "Land Restoration, Desertification and Drought Resilience" के अंतर्गत परियोजना की विभिन्न साइटों पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। श्री रणजीत सिंह, महाप्रबंधक (यांत्रिक) ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जीवन शैली तथा ऊर्जा संरक्षण पर ज़ोर देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-II नगवाई कार्यालय में श्री रणजीत सिंह, महाप्रबंधक (यांत्रिक), श्री विजय कृष्णा, महाप्रबंधक (सिविल) तथा क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ से आएं श्री राजब हुसैन, महाप्रबंधक (सिविल) तथा श्री संजय वर्मा, महाप्रबंधक (वित्त) द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसी क्रम में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी परियोजना की विभिन्न साईटों पर पौधे लगाए। इस कार्यक्रम में श्री संतोष कुमार, ग्रुप वरिष्ठ प्रबन्धक (पर्यावरण) ने इस वर्ष की थीम "Land Restoration, Desertification and Drought Resilience" के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान पर्यावरण से संबन्धित पोस्टर प्रदर्शनी कार्मिकों के बच्चों के लिए पर्यावरण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता, ग्रीन रैली का आयोजन किया गया।



## भारत रत्न बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



एनएचपीसी पार्वती परियोजना चरण-II के कार्यालय परिसर में दिनांक 15 अप्रैल, 2024 को भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती मनायी गई। इस अवसर पर बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्री रणजीत सिंह, महाप्रबंधक (यांत्रिक) ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन



एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास योजना के अंतर्गत दिनांक 15 जून 2024 को परियोजना के सैंज अस्पताल में रोटरी क्लब कुल्लू और जिला अस्पताल कुल्लू के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। परियोजना के श्री रणजीत सिंह, महाप्रबंधक (यांत्रिक)-पावर हाउस ने रक्तदान शिविर का विधिवत उदघाटन किया। इस अवसर पर परियोजना के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.ज्योतिर्मय जैन ने रक्तदान की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि रक्तदाता दूसरों की जान बचाने में अपना योगदान दे सकता है। रक्तदान शिविर में पार्बती परियोजना के कार्मिको, संविदा कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों एवं सीआईएसएफ कर्मियों ने रक्तदान किया। इस शिविर में 32 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री शाजी के. ,महाप्रबंधक (विद्युत), डॉ.मीरा जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. पिंकी कुमारी रॉय, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, श्री करुणाकर अरीजला, समूह वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत), जिला कुल्लू अस्पताल के डॉ. वरुण एवं ब्लड बैंक टीम, रोटरी क्लब के श्री अंशुल एवं उनकी टीम,पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन




एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II के नगवाईं अस्पताल में दिनांक 26 अप्रैल 2024 को मैक्स अस्पताल, मोहाली के सौजन्य से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पार्बती-II परियोजना के कार्यपालक निदेशक श्री निर्मल सिंह ने चिकित्सा शिविर का विधिवत उदघाटन किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि सभी कार्मिको को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए एनएचपीसी के विकास में अपना योगदान देते रहना चाहिए। इसके लिए समय समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहे। परियोजना के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.ज्योतिर्मय जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.मीरा जैन एवं मैक्स अस्पताल के डॉ.सुधीर सक्सेना, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.एस.रॉय, यूरोलॉजिस्ट डॉ. महेश, ऑर्थोपेडिक द्वारा मरीजों की जांच की गई। शिविर में परियोजना के कर्मियों,संविदा कार्मिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने अपनी स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर में 80 मरीजों की स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर डॉ.सुधीर सक्सेना एवं डॉ.आर.एस.रॉय द्वारा यूरोलॉजि और हृदय विषय पर हेल्थ टॉक भी दी गई। इस कार्यक्रम में परियोजना के श्री रणजीत सिंह, महाप्रबंधक(यांत्रिक), श्रीमती श्वेता ओझा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्री अंगद कुमार, उप महाप्रबंधक (सिविल) तथा मैक्स अस्पताल के प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री अमित धवन,पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II द्वारा दिनांक 22 जून 2024 को सैंज डिस्पेंसरी में आइवी अस्पताल, मोहाली के सौजन्य से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पार्बती-II परियोजना के महाप्रबंधक (यांत्रिक) श्री रणजीत सिंह ने चिकित्सा शिविर का विधिवत उदघाटन किया। परियोजना के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.ज्योतिर्मय जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीरा जैन एवं आइवी अस्पताल के डॉ. मनोज शर्मा, यूरोलॉजिस्ट, डॉ. शिवानी, ऑर्थोपेडिक सर्जन, डॉ. अजय, हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा मरीजों की जांच की गई। शिविर में परियोजना के कर्मियों, संविदा कार्मिकों, स्थानीय लोगों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने अपनी स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर में 85 मरीजों की स्वास्थ्य की जांच की गई । इस कार्यक्रम में परियोजना के श्री शाजी. के, महाप्रबंधक (विद्युत), श्री राकेश सिंह नरवारिया, समूह वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल), श्री करुणाकर अरीजला, समूह वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत) तथा आइवी अस्पताल के श्री सुमीत, परियोजना के पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण -II के सभी कार्यस्थलों क्रमशः नगवाईं परिसर, मणिकरण परिसर तथा सैंज परिसर में दिनांक 21 जून 2024 को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया नगवाईं कार्यालय परिसर में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में पार्बती परियोजना के कार्यपालक निदेशक श्री निर्मल सिंह सहित कर्मचारियों ने भाग लियो। इस अवसर पर प्रशिक्षित योग विशेषज्ञ ने दैनिक जीवन में अति उपयोगी योग तथा प्राणायामों का अभ्यास करवाया। योग अभ्यास के दौरान उन्होने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल से संबंधित विभिन्न सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम तथा मुद्राओं का अभ्यास करवाया तथा इससे होने वोले लाभों की जानकारी दी।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## महिला स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



एनएचपीसी पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-II द्वारा दिनांक 02 मई 2024 को नगवाईं कार्यालय परिसर में महिला स्वास्थ्य विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। परियोजना के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीरा जैन ने स्त्री रोग संबंधी जानकारी प्रदान की। इस जागरूकता कार्यक्रम में एनएचपीसी महिला कर्मचारियों एवं कार्मिकों के परिवार की महिला सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में श्रीमती श्वेता ओझा, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

## अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन



एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II के नगवाईं कार्यालय में आज दिनांक 1, मई 2024 को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री अमर सिंह ने पार्बती परियोजना के कार्यपालक निदेशक, श्री निर्मल सिंह को प्लांट भेंट कर सम्मानित किया। इसके उपरांत कार्यपालक निदेशक के साथ–साथ परियोजना के सभी संघों ने उन सभी सेवानिवृत्त/दिवंगत कार्मिकों को याद किया जिन्होंने परियोजना को अंतिम चरण तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई है। कार्यपालक निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि आप सब के सहयोग से हम परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने वाले है। इस दौरान श्री साजन मोईउद्दीन, महाप्रबंधक (यांत्रिक), श्रीमती श्वेता ओझा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्री राजेन्द्र सिंह रावत, उप महाप्रबंधक (वित्त), श्री गिरधारी लाल, ओमप्रकाश शर्मा व परियोजना के सभी अधिकारीगण, कर्मचारीगण, संविदा कर्मी उपस्थित रहें। सभी संघो ने कार्यपालक निदेशक को आश्वासन दिया कि पार्बती परियोजना चरण-II को पूरा करने के लिए सहयोग करेंगे।

# क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की बैठक का आयोजन




एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू–2 (कार्यालय) की वर्ष 2024–25 की प्रथम अर्द्धवार्षिक बैठक दिनांक 27.05.2024 को श्री सुप्रकाश अधिकारी, कार्यपालक निदेशक, एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, ओएंडएम यूनिट-I, जम्मू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। श्री सुप्रकाश अधिकारी, कार्यपालक निदेशक, इस बैठक मे ऑनलाइन उपस्थित थे। बैठक में श्री पी. सत्यमूर्थि, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) व सदस्य सचिव, नराकास–2, जम्मू, श्री आशीष कुमार नाथ, निदेशक, भारतीय भूविज्ञानिक सर्वेक्षण, श्री अंजनी कुमार, महाप्रबंधक, इंडियन ऑयल कारपोरेशन, डीपो, जम्मू, श्री ज्योति प्रकाश, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), भारतीय खाद्य निगम, जम्मू एवं सदस्य कार्यालय के प्रमुख एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन करके किया गया।

बैठक की शुरुआत सदस्य कार्यालयों के स्वागत एवं उनके परिचय के साथ हुई। सदस्य सचिव, नराकास श्री पी. सत्यमूर्थि, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू ने अपने सम्बोधन में नराकास के सदस्य कार्यालयों द्वारा गत छमाही के दौरान राजभाषा हिंदी में किए गए कार्यों पर चर्चा की। सदस्य कार्यालयों ने इस समीक्षा बैठक में राजभाषा कार्य संबंधी अपने विचारों को रखा और इसे और अधिक बढ़ाने हेतु प्रयास करते रहने के लिए कहा। श्री कुलदीप कुमार शर्मा, उप प्रबंधक (राजभाषा) ने सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रस्तुत गत तिमाही प्रगति रिपोर्टों पर मदवार समीक्षा की। इस अवसर पर उपस्थित कुछ सदस्यों ने भी अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में प्रश्नमंच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

अध्यक्ष महोदय, ने अपने संदेश में नराकास द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इसे और बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कहा हिंदी में काम को किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं रखना है अपितु, हर क्षेत्र में हिंदी कार्य बढ़ाना है और हिंदी में काम करना हम सबका नैतिक और संवैधानिक दायित्व भी है तथा सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी को गंभीरतापूर्वक प्रयास करने होंगे।

# उड़ी पावर स्टेशन

## डॉ. अमित कंसल, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड का दौरा



डॉ. अमित कंसल, स्वतंत्र निदेशक,एनएचपीसी लिमिटेड के द्वारा उड़ी–I व उड़ी–II पावर स्टेशन में दिनांक 19.06.2024 से 25.06.2024 तक दौरा किया गया। उनके आगमन पर महाप्रबंधक एवं पावर स्टेशन प्रमुख श्री प्रदीप कुमार रॉय ने उनका स्वागत पौधा देकर किया। इस अवसर पर उन्हें सीआईएसएफ़ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

तत्पश्चात, स्वतंत्र निदेशक महोदय द्वारा उड़ी पावर स्टेशन के अधिकारियों से सम्मेलन कक्ष में परिचय व वार्तालाप किया गया। डॉ. अमित कंसल जी ने उड़ी-I व उड़ी–II पावर स्टेशन के पावर हाऊस व उड़ी-II के डैम परिसर का भी दौरा किया और संबंधित अधिकारियों से पावर हाऊस व डैम परिसर के संचालन व उनके रखरखाव से संबन्धित विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श किया। अपने उद्‌बोधन में स्वतंत्र निदेशक महोदय ने सभी अधिकारियों को पूरी लगन और निष्ठा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। उड़ी प्रवास के दौरान स्वतंत्र निदेशक महोदय ने कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों एवं संविदा कार्मिकों से भी मुलाकात की। दिनांक 21.06.2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सम्मिलित होकर स्वतंत्र निदेशक महोदय ने सभी को योग करने हेतु प्रेरित किया।

# चुटक पावर स्टेशन, कारगिल व निम्मों बाजगो पावर स्टेशन, लेह

## अंबेडकर जयंती का आयोजन



श्री जितेंद्र कुमार, महाप्रबंधक–एचओपी, चुटक पावर स्टेशन एवं निम्मो बाजगो पावर स्टेशन के दिशानिर्देश में दिनांक 14 अप्रैल 2024 को चुटक पावर स्टेशन, कारगिल में भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न डा. बाबासाहब भीम राव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सभी कार्मिकों ने बाबा साहब को पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण करते हुए संविधान के प्रति आस्था जताई।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने देश के संविधान के प्रति गहरी आस्था रखते हुए सारे कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी को संबोधित करते हुऐ उन्होने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के जीवन संघर्ष और सफलता की ऐसी अदभुत मिसाल है, जो शायद ही कहीं और देखने को मिले। बाबा साहेब के विचार हमेशा इंसान को समाज के प्रति प्रेरित करते रहे है। डॉक्टर आंबेडकर का जीवन संघर्षों से भरा रहा है और उनका पूरा जीवन ही एक दर्शन है। बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव आंबेडकर ने स्वतंत्र राष्ट्र के संबिधान निर्माण के साथ साथ राजनीतिक, शैक्षणिक और सामाजिक क्षेत्र मे अत्यंत उल्लेखनीय योगदान दिया। हमारे संविधान की उद्देशिका को क्रियान्वित करने का दायित्व हम सब का है। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से एकजुट होकर देश के संविधान को ध्यान में रखते हुए कार्य करने की अपील की।

समारोह में एक विचार संगोष्ठी प्रतियोगिता (विषय–डॉ. बी आर अम्बेडकर जी के जीवन और योगदान) का आयोजन किया गया जिसमे सभी कर्मियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया इसी क्रम में सभी उपस्थित को एक डॉक्युमेंट्री विडियो दिखाया गाया जिसमे भारत रत्न डा. बाबासाहब भीम राव अंबेडकर जी के पूरी जीवनी एवं संघर्ष के बारे मे सभी को जागरूक कराया गया। कार्यक्रम के अंत मे विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस 2024 पर कार्यक्रमों का आयोजन

समुद्र तल से लगभग 10000 फिट की ऊंचाई पर अवस्थित केंद्र शासित राज्य लद्दाख के लेह जनपद में सिंधु नदी पर बनी व सामरिक द्रष्टि से अति महत्वपूर्ण निम्मों बाजगो पावर स्टेशन व चुटक पावर स्टेशन कारगिल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2024 पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर निम्मों बाजगो पावर स्टेशन लेह की आवासीय परिसर मे लंदन साईप्रस के लगभग 200 पौधे लगाए गए तथा चुटक पावर स्टेशन के आवासीय परिसर में. 200 पौधे लगाए गए। निम्मों बाजगो व चुटक पावर स्टेशन द्वारा स्थानीय स्कूलों को भी लगभग 50–50 पौधे दान किए गए। लंदन साईप्रस पौधों का चयन इस लिए किया गया है कि लद्दाख में अक्टूबर से मार्च अप्रैल तक सभी पेड़ों पर अत्यधिक सर्दियाँ के कारण पत्तियां नज़र नहीं आती है जबकि लंदन साईप्रस के पेड़ शीतकालीन मौसम मे भी हरे भरे रहते है जिससे शीतकाल के दौरान भी प्राकृतिक सौंदर्य बना रहे।




इस अवसर पर श्री जितेंद्र कुमार ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रप्रभा जी के साथ पौधा रोपण किया तत्पश्चात समस्त अधिकारियों व उनके परिवार के सदयों द्वारा पौधे लगाए गए। निम्मों बाजगो पावर स्टेशन के बांध परिसर में, अप्रैल माह, जो कि स्थानीय पेड़ों को लगाने के लिए अनुकूल होता है, सड़क के दोनों तरफ लगभग 100 विलो के पेड़ लगाए गए। पर्यावरण दिवस के अवसर पर इसे **पर्यावरण पथ** का नाम दिया गया जो कि कालांतर में बांध परिसर की प्राकृतिक सुंदरता में चार चाँद लगाएगा।

इसके पश्चात पावर स्टेशन प्रमुख श्री जितेंद्र कुमार ने समस्त अधिकरियों को संविदा कर्मियों को स्नेक प्लांट प्रदान किए जिसे अपने शयन कक्ष में रखने की सलाह दी। ऐसा दावा किया जाता है कि यह पौधे कुछ चुनिन्दा इंडोर प्लांट है जो कि रात के समय में भी ऑक्सिजन छोड़ते है और रेसपिरटरी डिजीज को क्योर करने में सहायक होते है।
अंत में पावर स्टेशन प्रमुख श्री जितेंद्र कुमार जी ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई दी और कहा कि स्वच्छ पर्यावरण है तो हम हैं, और स्वच्छ पर्यावरण ही नहीं होगा तो हमारा भी अस्तित्व नहीं होगा। उन्होने कहा कि हमारे संतों नें वृक्षों व नदियों के बारे में प्रेम पूर्वक बहुत कुछ लिखा है और कहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन




चुटक पावर स्टेशन, कारगिल में श्री जितेंद्र कुमार, महाप्रबंधक–एचओपी चुटक पावर स्टेशन व निम्मो बाजगो पावर स्टेशन एवं उनकी धर्म पत्नी श्रीमति चंद्र प्रभा के नेतृत्व में दिनांक 21 जून, 2024 को प्रातः 06:30 बजे 10 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री जितेंद्र कुमार एवं उनकी धर्म पत्नी श्रीमति चंद्र प्रभा तथा चुटक पावर स्टेशन के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

श्री जितेंद्र कुमार, महाप्रबंधक–एचओपी चुटक पावर स्टेशन ने अपने सम्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रकाश डाला एवं सभी को इस वर्ष के थीम "योग स्वयं और समाज के लिए (the use of Yoga for self and society)," पर प्रकाश डाला तथा आसनों एवं प्राणायामों को दैनिक प्रक्रिया का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

श्री सुनील गुरु, वरि. प्रबन्धक (वित्त), योग प्रशिक्षक द्वारा सामान्य योगा प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कार्यक्रम कराया गया जिसमें महाप्रबंधक –एचओपी, सभी अधिकारीगण व कर्मचारी, परिवार के सदस्यों के साथ संविदा कार्मिकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया एवं योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायामों का अभ्यास किया तथा आगे भी इसे दैनिक प्रक्रिया का हिस्सा बनाने के लिए प्रण लिया।

## सीएसआर-एसडी के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट का हस्तानान्तरण समारोह




चुटक पावर स्टेशन, कारगिल ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास (सीएसआर – एसडी) के अंतर्गत दिनांक 18.06.2024 को जिला अस्पताल, कारगिल में श्री राज कुमार चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) की उपस्थिती में मोबाइल मेडिकल यूनिट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शंकु को हस्तांतरित किया जिसके लिए रु. 39.9 लाख सीएसआर व एसडी पहल के तहत एनएचपीसी द्वारा वहन किया गया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष / मुख्य कार्यकारी पार्षद (Chief Executive Counsellor), एलएएचडीसी कारगिल श्री मोहम्मद जाफ़र अखून, विशिष्ट अतिथि श्रीकांत बालासाहेब सुसे, आईएएस, उपायुक्त / सीईओ एलएएचडीसी कारगिल एवं श्री राज कुमार चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) उनकी धर्मपत्नी श्रीमती भानु भारती एवं श्री जितेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (एचओपी)–चुटक पावर स्टेशन एवं निम्मो बाजगो पावर स्टेशन उनकी धर्मपत्नी श्रीमती चंद्र प्रभा के आगमन पर पारंपरिक खतक पहना कर उनका स्वागत किया गया । इस भव्य समारोह के दौरान मोबाइल मेडिकल यूनिट का फीता काटकर मुख्य अतिथि अध्यक्ष / मुख्य कार्यकारी पार्षद, एलएएचडीसी कारगिल श्री मोहम्मद जाफ़र अखून के करकमलों द्वारा उदघाटन किया गया। इसके उपरांत बीएमओ, शंकु को मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन की चाभी के साथ हरी झंडी दिखाकर हस्तांतरित किया गया।

अध्यक्ष / मुख्य कार्यकारी पार्षद, एलएएचडीसी कारगिल ने अपने संबोधन में चुटक पावर स्टेशन, एनएचपीसी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शंकु को मोबाइल मेडिकल यूनिट देने के लिए धन्यवाद दिया एवं एनएचपीसी के सीएसआर प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र षासित प्रदेश लद्दाख के अंदर और विशिष्ट रूप से इस क्षेत्र में एनएचपीसी निरंतर हर क्षेत्र में विकास के लिए प्रयासरत है। उपायुक्त / सीईओ एलएएचडीसी कारगिल, श्रीकांत बालासाहेब सुसे, आईएएस ने भी अपने विचार रखे तथा श्री राज कुमार चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) एवं श्री जितेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (एचओपी)–चुटक पावर स्टेशन एवं निम्मो बाजगो पावर स्टेशन को धन्यवाद ज्ञापन करते हुऐ कहा कि एनएचपीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शंकु को मोबाइल मेडिकल यूनिट में आर्थिक सहयता प्रदान की जोकि शंकू क्षेत्र के लोगों का जीवन बचाने और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान करेगा।

इस अवसर पर श्री राज कुमार चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) ने उपस्थित स्थानीय लोगों को एनएचपीसी द्वारा सीएसआर व एसडी के तहत किए जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में बताया तथा जिला प्रशासन का आभार प्रकट किया जिनके सहयोग से कारगिल क्षेत्र में सीएसआर व एसडी के तहत विभिन्न कार्यों को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया जा रहा है। इस संबंध में जनाब डॉ. के. लियाकत अली खान, चीफ़ मेडिकल ऑफिसर ने मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रदान करने के लिए एनएचपीसी लिमिटेड का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. स्टेंजीन नंग्याल, मेडिकल अधीक्षक, डॉ. फातिमा बानो, उप चीफ़ मेडिकल ऑफिसर, डॉ. ज़ाहिदा खातून, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, चुटक पावर स्टेशन के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मीडिया के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# श्री राजकुमार चौधरी निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) का निम्मों बाजगो पावर स्टेशन लेह व चुटक पावर स्टेशन, कारगिल का दौरा ।



भारत के सुदूर सीमांत पर अवस्थित व भौगोलिक द्रष्टि से बेहद कठिन मानी जानने वाली समुद्र तल से लगभग 10000 फिट की ऊंचाई पर अवस्थित लद्दाख के लेह जनपद में क्रियान्वित निम्मों बाजगो पावर स्टेशन व कारगिल जनपद की चुटक पावर स्टेशन का दौरा एनएचपीसी के निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) श्री राज कुमार चौधरी द्वारा दिनांक 12 जून से 18 जून 2024 तक किया गया। निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) का यह दौरा यहाँ पर पदस्थापित एनएचपीसी के अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) श्री राज कुमार चौधरी की धर्म पत्नी श्रीमती भानु भारती भी साथ थी।

दिनांक 12 जून 2024 को कुशोक बकुला रिन्पोचे विमान पत्तन लेह पर निम्मों बाजगो व चुटक पावर स्टेशन के पावर स्टेशन प्रमुख श्री जितेंद्र कुमार व उनकी धर्म पत्नी श्रीमती चंद्रप्रभा व अन्य अधिकारियों के साथ अगवानी की। निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) दिनांक 12 जून 2024 को ही निम्मों बाजगो पावर स्टेशन आगमन पर यहाँ पर पदस्थापित समस्त अधिकारियों व उनके पारवार के सदस्यों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया साथ ही परंपरागत लद्दाखी वेषभूषा में स्थानीय संविदा कर्मियों द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात लद्दाख पुलिस द्वारा निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निम्मों बजगो व चुटक पावर स्टेशन के पावर स्टेशन प्रमुख श्री जितेंद्र कुमार द्वारा अशोका हाल मे निम्मों बाजगो व चुटक पावर स्टेशन में किए गए सुधारातम्क कार्यों के बारे में निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) श्री राज कुमार चौधरी को बृहद स्क्रीन पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया। निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) महोदय द्वारा पावर हाउस, बांध परिसर व बांध नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया गया। पावर स्टेशन प्रमुख श्री जितेंद्र कुमार ने बांध परिसर के दौरान निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) महोदय को कई ऐसे कार्यों के बारे में अवगत कराया जिन्हें पावर स्टेशन द्वारा अपने ही श्रोतों से abondon material से वर्ष 2023 में ही बनाया गया। निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) महोदय द्वारा दिनांक 13 जून से 14 जून 2024 को ड्रैगन होटल लेह में आयोजित की गई प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया गया जिसमें विभिन्न सरकारी उपक्रमों के सीएमडी व निदेशक स्तर के अधिकारी व विभिन्न मंत्रालयों के उच्च स्तर के अधिकारियो को आमंत्रित किया गया था।

दिनांक 16 जून 2024 को निम्मों बाजगो पावर स्टेशन में निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) के सम्मान में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया व रात्रि भोज दिया गया। निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) द्वारा अपने सम्बोधन में पावर स्टेशन को सुचारू रूप से अनुरक्षण व प्रचालित करने के लिए पावर स्टेशन के समस्त अधिकरियों के त्याग समर्पण व परिश्रम की सराहना की। उन्होने आह्वान किया कि सभी अधिकारी प्रत्येक कार्य को करने के लिए गुणवत्ता को अपना धर्म मान कर पालन करें। उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि निम्मों बाजगो व चुटक पावर स्टेशन उच्च प्रबंधन के दिल के बहुत नजदीक है और जो भी सहायता की आवश्यकता होगी उसे दिया जाएगा। निम्मों बाजगो पावर स्टेशन से प्रस्थान पूर्व निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) महोदय ने दिनांक 17 जून 2024 को अपनी धर्म पत्नी के साथ पौधा लगाया।

दिनांक 17 जून 2024 अपराह्न को निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) अपनी धर्म पत्नी श्रीमती भानु भारती के साथ चुटक पावर स्टेशन पंहुचने पर पावर स्टेशन में पदस्थापित समस्त अधिकारियों व उनके पारवार के सदस्यों द्वारा गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात लद्दाख पुलिस द्वारा निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) के करकमलों से गेस्ट हाउस जिसे आधुनिक रूप से पुनः तैयार किया गया है, उद्घाटन किया गया। निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) महोदय द्वारा पावर हाउस, बैराज का निरीक्षण किया और ARMAC System की Re-Commissioning का उदघाटन किया। निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) महोदय ने चुटक पावर स्टेशन के समस्त अधिकारियों के लगन कर्मठता व समर्पण की प्रसंशा की।





@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना

## मान्नीय उप मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश के साथ कार्यपालक निदेशक की शिष्टाचार भेंट



माननीय उप मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश, श्री चोउना मेन के साथ कार्यपालक निदेशक, श्री राजेन्द्र प्रसाद ने दिनांक 19 जून 2024 को अरुणाचल प्रदेश सचिवालय, इटानागर में शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान कार्यपालक निदेशक महोदय ने माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय को सुबनसिरी लोअर परियोजना में जारी निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा उन्हें परियोजना को पूर्ण किए जाने की दिशा में एनएचपीसी के प्रयासों से अवगत कराया। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश सरकार के कमिशनर (हाइड्रोपावर) श्री अंकुर गर्ग भी उपस्थित थे।

माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय ने एनएचपीसी द्वारा परियोजना को पूर्ण किए जाने हेतु अब तक के कार्यों पर संतोष प्रकट करते हुए परियोजना के जल्द पूरा होने की शुभकामना दी तथा इसके लिए अरुणाचल प्रदेश सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि हम साथ मिलकर इस महत्वपूर्ण परियोजना के सफल और समय पर समापन को सुनिश्चित करना चाहते हैं जिससे न केवल अरुणाचल प्रदेश के लोगों को बल्कि पूरे राष्ट्र को लाभ होगा।

# दिबांग बहु-उद्देशीय परियोजना

## भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती का आयोजन



दिनांक 14.04.24 को दिबांग बहु–उद्देशीय परियोजना,रोइंग में भारत रत्न डा. बाबासाहब भीम राव अंबेडकर की जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री ललितेंदु कुमार त्रिपाठी, कार्यपालक निदेशक (डीएमपी) ने प्रशासनिक भवन में भारत रत्न भीम राव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यपालक निदेशक महोदय ने बोलते हुए कहा कि भारत रत्न भीम राव अम्बेडकर साहब का संपूर्ण जीवन संघर्ष में व्यतीत हुआ परन्तु अपने संघर्ष पूर्ण जीवन के दौरान उन्होंने निरंतर शिक्षा ग्रहण की। डा. बाबासाहब भीम राव अंबेडकर के पास अवसर था कि वह विदेश में स्थाई निवास कर सकते थे परन्तु विदेश में निवास करने के स्थान पर उन्होने भारत वर्ष आकर राष्ट्र सेवा करना बेहतर समझा। उन्होंने बोलते हुए कहा कि भारत राष्ट्र की आजादी के दौरान प्रथम प्राथमिकता अपने संविधान को लिखने की थी इस कठिन एवं चुनौतीपूर्ण कार्य को करने का भार बाबा साहब ने उठाया एवं कम समय में भारत वर्ष के संविधान को लिखा।

इस दौरान परियोजना में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारियों एवं कार्मिको ने आयोजित कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की तथा भारत रत्न डा. बाबासाहब भीम राव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

## आपातकालीन परिस्थितियों से त्वरित निपटने हेतु एम्बुलेंस की उपलब्धता



दिबांग बहु–उद्देशीय परियोजना में परियोजना के विभिन्न घटकों का निर्माण कार्य यथासंभव गति से निष्पादित किया जा रहा हैं। उपरोक्त निर्माण गतिविधियों के दौरान सुरक्षा प्रबंधो का विशेष ध्यान रखने हेतु और किसी भी आपातकालीन परिस्थितियों से त्वरित गति से निपटने के लिए तथा त्वरित चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परियोजना में 02 एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।

## सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं की कंपार्टमेंटल परीक्षा की तैयारी के लिए छात्रों हेतु कोचिंग क्लासेज का आयोजन

एनएचपीसी, 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना द्वारा श्री ललितेंदु कुमार त्रिपाठी (कार्यकारी निदेशक) के मार्गदर्शन में अरुणाचल प्रदेश के लोअर दिबांग घाटी जिले के रोइंग और आस–पास के क्षेत्रों के उन छात्रों के लिए 45 दिनों की कोचिंग कक्षाएं आयोजित कर रही है, जो जुलाई, 2024 में होने वाली कम्पार्टमेंट परीक्षाओं के लिए तैयारी कर रहे हैं तथा जो 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में गणित और विज्ञान विषयों में असफल रहे हैं। ये कोचिंग कक्षाएं दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के नव नियुक्त प्रशिक्षु इंजीनियरों के माध्यम से संचालित की जा रही हैं। लगभग 15 छात्र कोचिंग क्लास में भाग ले रहे हैं। एनएचपीसी दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना की इस पहल को स्थानीय लोगों और इन छात्रों के अभिभावकों से काफी सराहना मिल रही है।



## सीएसआर - एसडी के अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दाम्बुक, जिला - लोअर दिबांग वैली को 32 सीटर स्कूल बस का हस्तानांतरण




दिबांग बहु–उद्देशीय परियोजना द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास (सीएसआर–एसडी) के अंतर्गत श्री पुइंन्यो अपुम, माननीय विधायक, दाम्बुक की उपस्थिति में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दाम्बुक को 32 सीटर स्कूल बस को हस्तांतरित किया जिसके लिए रु. 22.48 लाख एनएचपीसी द्वारा वहन किया गया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री पुइंन्यो अपुम, माननीय विधायक, दाम्बुक व विशिष्ट अतिथि श्रीमति सौम्या सौरभ, आईएएस, उपायुक्त, लोअर दिबांग वैली को श्री ललितेंदु कुमार त्रिपाठी, कार्यपालक निदेशक, दिबांग बहु–उद्देशीय परियोजना द्वारा पारंपरिक अरुणाचली खादा पहना कर स्वागत किया गया।

इस भव्य समारोह के दौरान 32 सीटर स्कूल बस का फीता काटकर मुख्य अतिथि श्री पुइंन्यो अपुम, माननीय विधायक के कर कमलों द्वारा उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत श्री पुइंन्यो अपुम, माननीय विधायक एवं श्रीमति सौम्या सौरभ, आईएएस, उपायुक्त, लोअर दिबांग वैली द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को हस्तांतरित किया गया। इस दौरान श्री ललितेंदु कुमार त्रिपाठी, कार्यपालक निदेशक द्वारा श्री टी. आर. टापू अतिरिक्त उपायुक्त, दाम्बुक को स्कूल बस की चाभी सौपीं गई। माननीय विधायक, श्री पुइंन्यो अपुम ने अपने संबोधन में दिबांग बहु–उद्देशीय परियोजना, एनएचपीसी द्वारा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दाम्बुक को 32 सीटर स्कूल बस देने के लिए धन्यवाद

किया एवं एनएचपीसी के सीएसआर प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि लोअर दिबांग वैली जिला में तथा विशेष रूप से दाम्बुक क्षेत्र में एनएचपीसी निरंतर हर क्षेत्र में विकास के लिए प्रयासरत है तथा भविष्य में भी सहयोग प्रदान करती रहेगी।

उपायुक्त, लोअर दिबांग वैली, श्रीमति सौम्या सौरभ ने भी अपने विचार रखे तथा दिबांग बहु-उद्देशीय परियोजना का धन्यवाद किया कि एनएचपीसी ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दाम्बुक को स्कूल बस प्रदान की जिससे दाम्बुक क्षेत्र में शिक्षा सेवा को उन्नत करने में मजबूती प्रदान होगी।

इस अवसर पर श्री ललितेंदु कुमार त्रिपाठी, कार्यपालक निदेशक ने उपस्थित स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा एनएचपीसी द्वारा विश्व की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण जिला लोअर दिबांग वैली में किया जा रहा हैं जिसमे राज्य सरकार, अरुणाचल प्रदेश तथा जिला प्रशासन लोअर दिबांग वैली व दिबांग वैली से भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा हैं। एनएचपीसी द्वारा सीएसआर व एसडी के तहत किए जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में बताया तथा जिला प्रशासन का आभार प्रकट किया जिनके सहयोग से लोअर दिबांग वैली एवं दिबांग वैली क्षेत्र में सीएसआर व एसडी के तहत विभिन्न कार्यों को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया जा रहा है।

इस संबंध में श्री टी. आर. टापू, अतिरिक्त उपायुक्त, दाम्बुक ने 32 सीटर स्कूल बस प्रदान करने के लिए एनएचपीसी लिमिटेड का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के दौरान दाम्बुक परिक्षेत्र में स्थित विभिन्न ग्रामो से पधारे सम्मानित ग्राम बुढा तथा दिबांग बहुद्दउद्देशीय परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



दिबांग बहु–उद्देशीय परियोजना में 21 जून' 2024 को 10 वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। सेवा भारती, लोअर दिबांग वैली के योग प्रशिक्षक श्री आर.के.शर्मा के माध्यम से सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' है।

इस अवसर पर श्री एल. के. त्रिपाठी, कार्यपालक निदेशक ने दिबांग बहु–उद्देशीय परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्मिक को प्रतिदिन योगासन और प्राणायाम करना चाहिए, जिससे हमारा शरीर हमेशा स्वस्थ और ऊर्जावान रहें। योगाभ्यास करना मानसिक शांति, रोगमुक्त शरीर और तनावमुक्त जीवन के लिए जरूरी है।

इसी प्रकार दिबांग बहु–उद्देशीय परियोजना कार्यालय, दाम्बुक में पदस्थापित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी दाम्बुक स्थित कार्यालय परिसर में सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया।


@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी

## कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन



क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी में 11 मई 2024 को कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशक (क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी) श्री अनिल कुमार दास की अगुआई में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री रमेश चंद्र दास द्वारा डेसुन हॉस्पिटल, सिलीगुड़ी से आए हुए सीनियर कंसल्टेंट मेडिकल ऑनकोलॉजी एंड हेमैटोलॉजी डॉक्टर आशीष उपाध्याय एवं असोसिएट डायरेक्टर, डेसुन हॉस्पिटल श्री अरिंदम सामंता का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर आशीष उपाध्याय ने कैंसर के विषय में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कैंसर ना हो इसके लिए रोकथाम तथा उसके उपाय एवं कैंसर हो जाने पर उसके उपचार के लिए उपलब्ध विभिन्न तकनीक के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होनें बिना भय के कैंसर के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित किया। शिविर के दौरान कार्मिकों द्वारा कैंसर से संबंधित प्रश्नों का भी जवाब डॉक्टर आशीष उपाध्याय ने दिया। कार्यक्रम के अंत में समूह वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार ने सभी का धन्यवाद किया तथा कैंसर के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक (ई एण्ड सी) श्री अशोक कुमार नेलातुरी एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## सीईआरसी सदस्य (लॉ) श्री प्रवास कुमार सिंह का दौरा



सीईआरसी सदस्य श्री प्रवास कुमार सिंह ने क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी का दौरा किया। कार्यपालक निदेशक (क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी) श्री अनिल कुमार दास की अगुआई में महाप्रबंधक (ई एण्ड सी) श्री अशोक कुमार नेलातुरी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा माननीय सदस्य(लॉ), सीईआरसी श्री प्रवास कुमार सिंह का स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री प्रवास कुमार सिंह ने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न परियोजनाओं के बारे में चर्चा की तथा एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रशंसा की। उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस



क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी में 05 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशक (क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी) श्री अनिल कुमार दास की अगुआई में महाप्रबंधक (वित्त) श्री शरद चंद्रा एवं महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री रमेश चंद्र दास ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (वित्त) श्री शरद चंद्रा ने कार्मिकों को संबोधित करते हुए स्वच्छ एवं हरे–भरे पर्यावरण के लिए पेड़ों के महत्व को समझाया तथा पेड़ लगाने का आग्रह किया। इस अवसर पर कार्मिकों के साथ संविदा कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण किया गया।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# तीस्ता-V पावर स्टेशन

## रालाप, डुंगडुंग में केंद्रीय विद्यालय, एनएचपीसी सिंगतम की आधारशिला रखी गई



केन्द्रीय विद्यालय, एनएचपीसी सिंगतम का शिलान्यास समारोह 10.03.2024 को रालाप, डुंगडुंग, जिला गंगटोक में एनएचपीसी लिमिटेड, तीस्ता-V पावर स्टेशन द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर सिक्किम के माननीय मुख्यमंत्री की पत्नी श्रीमती शारदा गोले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। वेन. सोनम लामा, माननीय मंत्री, आरडीडी, कोआपरेशन-इकलेसिस्टिकल डिपार्टमेंट, सिक्किम सरकार, कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि थे।

यह समारोह श्री ए. के. दास, कार्यकारी निदेशक/एचओपी, तीस्ता-V पावर स्टेशन और सीईओ, एलटीएचपीएल, तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना के साथ–साथ तीस्ता-V पावर स्टेशन और तीस्ता-VI एचईपी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों/कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय के जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। अपने संबोधन में, वेन. सोनम लामा, माननीय मंत्री, आरडीडी, कोआपरेशन-इकलेसिस्टिकल डिपार्टमेंट, सिक्किम सरकार, ने बाढ़ की घटना के बाद सभी मोर्चों पर कामकाज बहाल करने के लिए एनएचपीसी के अथक प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय की नई ईमारत उस स्कूल की ईमारत को फिर से स्थापित करेगी जो 03–04 अक्तूबर 2023 की मध्य रात्रि को तीस्ता-V बालुतर परिसर में तीस्ता नदी बेसिन में आई विनाशकारी बाढ़ में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

रालाप, डुंगडुंग में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए उन्होंने सिक्किम सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना से न केवल एनएचपीसी कर्मचारियों के बच्चों को बल्कि स्थानीय क्षेत्रों के छात्रों को भी आवश्यक शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस - 2024 का आयोजन




तीस्ता-V पावर स्टेशन और तीस्ता-VI जल विद्युत परियोजना में दिनांक 21 जून, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2024 के उपलक्ष्य मे योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2024 का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, आध्यात्मिक विकास और वैश्विक शांति के लिए योग को बढ़ावा देना तथा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए योग के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

21 जून, 2024 को 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तीस्ता-V पावर स्टेशन एवं तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना मे कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। इस योग कार्यक्रम का प्रारम्भ श्री अनिल कुमार दास, कार्यपालक निदेशक व पावर स्टेशन प्रमुख, तीस्ता-V पावर स्टेशन एवं परियोजना प्रमुख, तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।

10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का संचालन पतंजलि योगपीठ से जुड़े योग विशेषज्ञ श्री हरी शंकर जी द्वारा किया गया। श्री हरी शंकर जी द्वारा समाज के कल्याण में योग की भूमिका और शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक माध्यमों से सशक्तिकरण पर जोर देते हुए समग्र रूप से समाज पर योग के परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न आसनों और मुद्राओं का अभ्यास करवाया गया तथा उसके महत्व के बारे मे जानकारी दी गई।

तीस्ता-V पावर स्टेशन और तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना के कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा इस योग कार्यक्रम की सराहना की गई तथा उसे अपने जीवन मे अपनाने का संकल्प लिया गया।

# नेपाल परियोजनाएं कार्यालय, काठमांडू

## एनएचपीसी लिमिटेड एवं राष्ट्रिय प्रसारण ग्रिड कम्पनी लिमिटेड, नेपाल के मध्य काठमांडू, नेपाल में दिनांक 13.05.2024 को MOU पर हस्ताक्षर



एनएचपीसी लिमिटेड एवं राष्ट्रिय प्रसारण ग्रिड कम्पनी लिमिटेड, नेपाल के मध्य काठमांडू, नेपाल में दिनांक 13.05.2024 को वेस्ट सेती परियोजना (800 मेगावाट) के पावर हाउस से बनलेक सब स्टेशन तक विद्युत निकास हेतु MOU पर हस्ताक्षर किये गए। एनएचपीसी की ओर से श्री प्रकाश उपाध्याय, परियोजना प्रमुख (वेस्ट सेती एवं SR6 परियोजनाएं) तथा राष्ट्रिय प्रसारण ग्रिड कम्पनी लिमिटेड, नेपाल की ओर से डॉ नेत्र प्रसाद ग्यावली ने MOU पर हस्ताक्षर किये।

माननीय ऊर्जा, जलस्रोत तथा सिंचाई मंत्री, नेपाल सरकार श्री शक्ति बहादुर बस्नेत, सचिव (ऊर्जा) नेपाल सरकार श्री सुशिल चन्द्र तिवारी, भारतीय राजदूतावास, काठमांडू के वाणिज्य विंग के प्रथम सचिव श्री सुमन शेखर, एनएचपीसी नेपाल परियोजनाओं के प्रमुख श्री संदीप मित्तल एवं अन्य गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर एनएचपीसी नेपाल परियोजनाओं के प्रमुख श्री संदीप मित्तल ने उपस्थित गणमान्य लोगों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एनएचपीसी के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं निगम के कार्यकलापों से अवगत कराया।

इस अवसर पर अपने व्याख्यान में सचिव (ऊर्जा), नेपाल सरकार ने एनएचपीसी से नेपाल की अन्य जलविद्युत परियोजनाओं के विकास में भी अग्रणी भूमिका निभाने का अनुरोध किया।

# विदाई

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| **सर्व श्री/श्रीमती/सुश्री** | **अप्रैल 2024** | |
| जीएच अहमद | सीनियर पर्यवेक्षक (इलेक्ट्रीशियन) ग्रेड-I | दुलहस्ती पीएस |
| सुभाष चंद्र | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | पार्वती-III पीएस |
| संत बहादुर | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | टनकपुर पीएस |
| एस जेबराज | वरिष्ठ प्रबंधक (सांख्यिकी) | मानव संसाधन |
| राजेंद्र सिंह | वरिष्ठ प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) | सी.ओ. |
| सुरेश कुमार शर्मा | सीनियर टीजीटी ग्रेड स्पेशल | आरओ, बनीखेत |
| ओलिक जामोह | हेल्पर स्पेशल ग्रेड-I | सुबनसिरी लोअर एचईपी |
| मोहम्मद अब्दुल लाह पीर | बेलदार स्पेशल ग्रेड-I | उरी-II पीएस |
| मोहम्मद असलम किचलू | सीनियर. पर्यवेक्षक (सिविल) ग्रेड-II | दुलहस्ती पीएस |
| हसन दीन | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-II | सलाल पीएस |
| नसीम अहमद | पर्यवेक्षक (इलेक्ट्रिकल) ग्रेड-II | टनकपुर पीएस |
| शमशेर सिंह | पर्यवेक्षक (लाइनमैन) ग्रेड-II | दुलहस्ती पीएस |
| हेम कुमार पचौली | पर्यवेक्षक (स्विच बोर्ड तकनीशियन) ग्रेड-II | टनकपुर पीएस |
| विनोद कुमार | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) ग्रेड-I | दुलहस्ती पीएस |
| राजेश खजूरिया | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) ग्रेड-I | आरओ, जम्मू |
| अजय शर्मा | प्रबंधक (ईडी) सेवा-II | पीएस |
| सुनील कुमार जेना | जनरल प्रबंधक (वित्त) | आईए–कोलकाता |
| सतीश चंद्र जोशी | महाप्रबंधक (सिविल) | सतर्कता |
| सतीश कुमार परिहार | ग्रुप उप महाप्रबंधक (कानून) | चिनाब वैली पीपीपी लिमिटेड |
| उदित शर्मा | ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) | सेवा-II पीएस |
| रमेश कुमार | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | दुलहस्ती पीएस |
| तृप्ता देवी | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | बैरा स्यूल पीएस |
| सुरेश चंद | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | वित्त |
| मनमीत सिंह | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | चिनाब वैली पीपीपी लिमिटेड |
| बक्शो देवी | परिचारक विशेष ग्रेड-I | सलाल पीएस |
| लाल मिंग्ज़ो | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | लोकतक पीएस |
| जगदीश चंद्र | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | डिजाइन (ईएंडएम) |
| शिवतन सिंह | बेलदार स्पेशल ग्रेड | सलाल पीएस |
| किशन चंद | पर्यवेक्षक (इलेक्ट्रिकल) ग्रेड-III | पार्वती-II एचईपी |
| करम सिंह | पर्यवेक्षक (इलेक्ट्रिकल) ग्रेड-III | चमेरा-I पीएस |
| नर सिंह | पर्यवेक्षक (फोटोस्टेट) ग्रेड-III | धौलीगंगा पीएस |
| **सर्व श्री/श्रीमती/सुश्री** | **मई 2024** | |
| योग राज | ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (मैकेनिकल) | चमेरा-III पीएस |
| अखिला नंद उप्रेती | प्रबंधक (सचिव) | टनकपुर पीएस |
| हंस राज | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-II | चमेरा-I पीएस |
| सबीर बानू | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-I | सी.ओ. |
| एससी साहू | ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) | वित्त, सी.ओ. |
| तारा देवी | परिचारिका विशेष ग्रेड | सी.ओ. |
| केवल कृष्ण | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) ग्रेड-I | पाकलदुल एच.ई.पी. |
| जगदीश राज | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-II | सलाल पी.एस. |
| लोक नाथ | पर्यवेक्षक (फोटोस्टेट) ग्रेड-III | तीस्ता-V पी.एस. |
| राजिंदर सिंह | बेलदार विशेष ग्रेड | चमेरा-I पी.एस. |
| जगदीश राज | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-II | दुलहस्ती पी.एस. |
| राजिंदर प्रकाश | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | दुलहस्ती पी.एस. |
| जी.एच. हुसैन | सुरक्षा गार्ड विशेष ग्रेड | दुलहस्ती पी.एस. |
| भोज राज सिंह | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-I | टनकपुर पी.एस. |
| सुभाष चंद | सीनियर कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | चमेरा-III पीएस |
| अट्टा मोहम्मद | हेल्पर स्पेशल ग्रेड | दुलहस्ती पीएस |
| लीला देवी | पर्यवेक्षक (एएनएम) ग्रेड-III | दुलहस्ती पीएस |
| बलदेव राज | पर्यवेक्षक (क्लीनर) ग्रेड-II | सलाल पीएस |
| राम सिंह | पर्यवेक्षक (मैकेनिक) ग्रेड-II | धौलीगंगा पीएस |
| रीना मुखर्जी | अटेंडेंट स्पेशल ग्रेड | तीस्ता लो डैम-IV पीएस |
| मुनीर हुसैन | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-III | उरी-II पीएस |



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# विदाई

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| **सर्व श्री/श्रीमती/सुश्री** | **मई 2024** | |
| देश राज | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-I | चमेरा-II पीएस |
| लक्ष्मी मधुसूदन | पर्यवेक्षक (एएनएम) ग्रेड-III | तीस्ता-V पीएस |
| खड़क सिंह | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-III | टनकपुर पीएस |
| करतार सिंह | मशीनिस्ट ग्रेड-III | सेवा-II पीएस |
| मार्कंडे पांडे | सीनियर पर्यवेक्षक (मैकेनिकल) ग्रेड-I | धौलीगंगा पीएस |
| **सर्व श्री/श्रीमती/सुश्री** | **जून 2024** | |
| देश राज | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-I | चमेरा-II पीएस |
| मनजीत नाथ | प्रबंधक (कार्यकारी निदेशक) | चमेरा-II पीएस |
| राजन त्रिवेदी | महाप्रबंधक (आईटी) | एनएचडीसी–भोपाल |
| राजन नारायण | ग्रुप उप महाप्रबंधक (वित्त) | चिनाब वैली पीपीपी लिमिटेड |
| मनोज गोयल | ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत) | पीएमएसजी, सी.ओ. |
| धीरेंद्र कुमार मित्तल | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | सी.ओ. |
| बृज मोहन | महाप्रबंधक (सिविल) | आरओ, ईटानगर |
| यू एस छेत्री | उप महाप्रबंधक (सिविल) | आरओ, बनीखेत |
| सरोजा कुमार राउत | ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) | एनएचडीसी–भोपाल |
| भोला पाल हेल्पर | विशेष ग्रुप | तीस्ता लो डेम-III पीएस |
| करम चंद हेल्पर | विशेष ग्रुप | बैरा स्यूल पीएस |
| बरकत अली | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-III | सलाल पीएस |
| सुभाष चंद्र | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | सलाल पीएस |
| कृष्ण रतन | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) ग्रेड-I | आरओ, जम्मू |
| चमन लाल | पर्यवेक्षक (स्विच बोर्ड तकनीशियन) ग्रेड-II | दुलहस्ती पीएस |
| सुरिंदर पाल | सुरक्षा गार्ड विशेष ग्रेड | चमेरा-III पीएस |
| गिरीश चंद्र भट्ट | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-I | धौलीगंगा पीएस |
| एच सी परगेन | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | लो हल्द्वानी |
| मोहिंदर सिंह | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-I | चमेरा-I पीएस |
| घनश्याम बहुगुणा | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (सिविल)–विशेष | टनकपुर पीएस |
| भगवती हाउस कीपिंग | हेल्पर विशेष ग्रेड | आरओ, बनीखेत |
| पवन कुमार परिहार | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-I | दुलहस्ती पीएस |
| रतन सिंह | पर्यवेक्षक (ड्राइवर) ग्रेड-III | सी.ओ. |
| मोहम्मद लतीफ खान | इलेक्ट्रीशियन विशेष | उरी-I पीएस |
| मदन लाल | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | सलाल पीएस |

# 10वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024





एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

**NHPC Limited**
(A Government of India Enterprise)


निगम मुख्यालय: सेक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) भारत
Corporate Office: NHPC Office Complex, Sector-33, Faridabad-121003 (HARYANA) INDIA
CIN: L40101HR1975GO1032564, Website: www.nhpcindia.com


Follow NHPC at :

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited